वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय , जौनपुर

प्रेषक–
परीक्षा नियंत्रक,
वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय,
जौनपुर

पत्रांक 3733/गोपनीय/2023

दिनांक : 19.05.2023

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या/प्रबन्धक,
समस्त महाविद्यालय,
(जनपद–जौनपुर, गाजीपुर, एवं प्रयागराज)
वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय,
जौनपुर।

विषय–स्नातक स्तर पर प्रथम, तृतीय सेमेस्टर एवं स्नातकोत्तर स्तर पर प्रथम सेमेस्टर का मिडटर्म/सेशनल/प्रायोगिकी/मौखिकी अंक आनलाइन किए जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि स्नातक प्रथम, तृतीय सेमेस्टर एवं स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर 2022–23 का परीक्षाफल घोषित कर दिया गया है किन्तु अभी तक संलग्न सूची के महाविद्यालयों द्वारा स्नातक स्तर पर प्रथम, तृतीय सेमेस्टर एवं स्नातकोत्तर स्तर पर प्रथम सेमेस्टर का मिडटर्म/सेशनल/प्रायोगिकी/मौखिकी अंक आनलाइन सब्मिट नहीं किया गया है जिससे परीक्षाफल घोषित करने में कठिनाई हो रही है।

अतः आपसे अनुरोध है कि कृपया सूची में अंकित महाविद्यालय स्नातक स्तर पर प्रथम,तृतीय सेमेस्टर एवं स्नातकोत्तर स्तर पर प्रथम सेमेस्टर का मिडटर्म/सेशनल/प्रायोगिकी/मौखिकी अंक आनलाइन विलम्बतम दिनांक–25.05.2023 तक आनलाइन सब्मिट कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा कि स्थिति में सम्पूर्ण उत्तरदायित्व महाविद्यालय का होगा। आनलाइन अंक सब्मिट करने का यह अन्तिम अवसर है।

भवदीय,

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. कुलसचिव।
2. सम्पादक दैनिक जागरण, अमर उजाला, हिन्दुस्तान को इस आशय से प्रेषित कि कृपया अपने सम्मानित दैनिक समाचार पत्र के आगामी अंक में किसी ऐसे पृष्ठ पर जो पूर्वान्चल के समस्त जनपदों में पहुँचता हो, छात्रहित में उक्त सूचना निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
3. निजी सहायक कुलपति, मा0 कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ।
4. प्रभारी, वेबमास्टर को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर तत्काल अपलोड करना सुनिश्चित करें।

सहायक कुलसचिव
(गोपनीय)